(1)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज फरसाराम बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार लोहावट) सू.अ.अ. अपील संख्या 160/2018	नं० व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
02.01.19	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी फरसाराम पुत्र नारायणराम विश्नोई पता ग्राम पल्ली तहसील लोहावट जिला जोधपुर सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 22.10.2018 में उसके द्वारा (1) ग्राम पल्ली द्वितीय के खसरा नम्बर 1279 गै.मु. पायथन की भूमि पर किन–किन लोगों ने प्रार्थना पत्र पेश कर अतिक्रमण हटाने की मांग की तथा आज तक क्या कार्यवाही हुई व इसी भूमि का सीमांज्ञान किया जिसकी मौका फर्द की प्रमाणित प्रति व अन्य 2 बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लोहावट) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा कोई सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार लोहावट) तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार लोहावट) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लोहावट) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी को 15 दिवस में सूचना उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	